तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 लखनपुर में सरकारी जमीन पर कब्जे का प्रयास, ग्रामीणों ने थाने में की शिकायत



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# हाईस्कूल के छात्रों को कम्प्यूटर शिक्षा से जोड़ने चल रही आईसीटी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाईस्कूल के छात्रों को कम्प्यूटर शिक्षा से जोड़ने के लिए समग्र शिक्षा के माध्यम से आईसीटी योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत स्कूलों में जिओ फाईबर के कनेक्शन दिए गए हैं, जिनमें शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण अंचल के स्कूल भी शामिल हैं। शहर के 11 स्कूल ऐसे हैं जहां आईसीटी योजना अंतर्गत हाईस्कूल के छात्रों को कम्प्यूटर शिक्षा से जोड़ा गया है। जिसके परिणामस्वरूप 9वीं से 12वीं तक के बच्चे तकनीकी शिक्षा से जुड़ चुके हैं।

शैक्षणिक गतिविधियों में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति अंतर्गत तकनीकी शिक्षा स्कूलों में भी अनिवार्य की जा रही है। अटल टिकरिंग लैंब, सहित अब नई योजना लाई गई है।

## स्कूलों में दिए जा रहे हैं जिओ फाइबर से कनेक्शन

**खास बातें**

- समग्र शिक्षा योजना से चल रहा है जिले में काम
- 17 हजार 5 सौ रुपए की राशि जारी की गई है स्कूलों को



### स्कूलों को इंटरनेट से जोड़ना उद्देश्य

शासकीय स्कूलों को अब धीरे धीरे इंटरनेट से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए जिओ फाईबर कनेक्शन दिने की शुरूआत हो गई है। प्रति स्कूल कनेक्शन लगाने हेतु 17 हजार 500 रूपये के अलावा प्रति माह 800 रूपये रिचार्ज के लिए दिए जाते हैं। शहर और आसपास के बड़े हाईस्कूल इंटरनेट से जुड़ चुके हैं। ऐसे ग्रामीण अंचल जहां जिओ कंपनी के टॉवर लगे हैं, उन क्षेत्रों के स्कूलों में भी जिओ फाईबर कनेक्शन का काम शुरू किया गया है। इकसे लिए स्कूल के प्राचार्यों को राशि भी आबंटित की गई है। कंपनी द्वारा कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों के स्कूलों को चिन्हांकित कर लिया गया है।

### राशि जारी होने के बाद कुछ स्कूलों में काम नहीं हो रहा

जिले के कुछ हाईस्कूल ऐसे हैं जहां जिओ फाईबर कनेक्शन के लिए विभागीय पहल शुरू करते हुए 17 हजार 500 रूपये की राशि प्रदान कर दी गई और कम्प्यूटर सेट भी स्कूलों को पहुंचा दिए गए, किंतु उसके बावजूद भी स्कूलों के प्राचार्यों के द्वारा कनेक्शन लेने हेतु रूचि नहीं दिखाई जा रही है। कोरबा विकासखंड अंतर्गत अजगरबहार के हाईस्कूल में जो फाईबर कनेक्शन का काम शुरू नहीं हो सका है, जबकि कनेक्शन की राशि दिए हुए 3 महीने से अधिक का समय बीत चुका है। जिओ फाईबर कनेक्शन नहीं होने की वजह से स्कूल में इंटरनेट के कार्य भी बंद पड़े हुए हैं, जबकि अजगबर बहार तहसील मुख्यालय हो चुका है उसके बावजूद स्कूल के प्राचार्य अधिकारियों के निर्देशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

आईसीटी (इंफॉरमेशन कम्प्यूटर एंड ⏭ शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### निगम ने विसर्जन स्थलों की दी जानकारी

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने पूजा उत्सव समितियों को नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 6 स्थानों पर निर्धारित किए गए प्रतिमा विसर्जन स्थलों की जानकारी देते हुए निर्धारित विसर्जन स्थलों पर ही प्रतिमाओं का विसर्जन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन विसर्जन स्थलों पर जिला पुलिस व निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं कराई गई हैं, इन्हीं स्थलों पर ही अनिवार्य रूप से विसर्जन करें। कोरबा जोनअंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 एसएलआरएम सेंटर के सामने स्थित रेट घाट, परिवहन नगर जोनान्तर्गत पंप हाउस नदी के किनारे, कोसाबाड़ी एवं रविशंकर नगर जोनांतर्गत डेगूर नाला छठ घाट, बालको जोन अंतर्गत बेलगरी नाला छठ घाट राम मंदिर के पास, दर्री जोन अंतर्गत प्रगति नगर सर्वेश्वर मंदिर के पास तथा सर्वमंगला नगर जोन अंतर्गत सर्वमंगला मंदिर के पास नदी घाट पर विसर्जन स्थल रहेंगे।

### संगठनात्मक कार्यशाला में शामिल हुए जिला भाजपा अध्यक्ष

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन द्वारा प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में किया गया। इस कार्यशाला में कोरबा जिले से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी भी सम्मिलित हुए। श्री मोदी ने कहा कि यह आयोजन संगठनात्मक संरचना को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी मोर्चों के नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष, सभी जिलों के जिला अध्यक्ष एवं मोर्चा अध्यक्ष शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान सभी ने मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 125वें संस्करण को सुना, जिसे जीवन के लिए प्रेरणादायक बताया गया। इसके बाद संगठन के शीर्ष नेताओं द्वारा नवनियुक्त अध्यक्षों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि नई कार्यकारिणी के साथ तालमेल बनाकर संगठन और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक कैसे पहुँचाया जाए। साथ ही यह भी बताया गया कि सोशल मीडिया जैसे आधुनिक माध्यमों का उपयोग कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को व्यापक रूप से प्रचारित करना आवश्यक है। प्रशिक्षण में बूथ स्तर एवं शक्ति केंद्रों पर कार्यरत कार्यकर्ताओं को संगठित रखते हुए जनता तक भाजपा संगठन की नीतियों एवं सरकार की उपलब्धियों को पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया।

## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में कर्मियों के साथ भेदभाव का लगा आरोप

# अफसरों की तरह कर्मियों को नहीं मिल रहा तकनीकी भत्ता, 8 हजार कर्मी झेल रहे आर्थिक नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनियों में केवल अधिकारियों को ही 3 प्रतिशत तकनीकी भत्ता दिए जाने और कर्मियों को इसके लाभ से वंचित करने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। वहीं इस मुद्दे पर कर्मचारी संघ ने इस पर आपत्ति जताते हुए तकनीकी कार्य की श्रेणी में कार्यरत तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को भी 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग रखी है। विद्युत कर्मचारी संघ के मुताबिक तकनीकी भत्ता नहीं मिलने से लगभग 8 हजार कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

विद्युत कंपनी का वास्तविक तकनीकी कार्य विद्युत उत्पादन, पारेषण व विद्युत वितरण के अंतर्गत होता है। जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं तक सतत विद्युत सेवा प्रदान करने का कार्य होता है। इसमें कंपनी के अधिकारी व कर्मचारियों का विशेष योगदान होता है। संघ के अनुसार उपभोक्ता तक विद्युत पहुंचाने में लगे इस तकनीकी कर्मचारियों को विद्युत दुर्घटनाओं सहित अन्य कई परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है, लेकिन तकनीकी भत्ता केवल अधिकारियों तक ही सीमित कर दिया गया है। जबकि इससे विद्युत कंपनी में तकनीकी कर्मचारियों के कार्यों को ध्यान नहीं रखा गया है। इसे लेकर विद्युत कर्मचारियों में खासी नाराजगी है। कर्मचारी अधिकारियों की तरह तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता की मांग कर रहे हैं। वहीं इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी महासंघ का कहना है कि वास्तव में तकनीकी संबंधित कार्य अभियंताओं के साथ ही तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के तकनीकी कर्मचारियों को भी शामिल किया जाना चाहिए। लेकिन प्रबंधन की ओर से लगातार इसकी अनदेखी की जा रही है। जिससे कर्मचारियों में नारजगी बढ़ रही है। अगर कंपनी में किसी कर्मचारी का न्यूनतम बेसिक 40 हजार रुपए है, तो उस कर्मचारी को इसमें तीन प्रतिशत याने 1200 रुपए अधिक राशि वेतन के साथ जुडक़र मिलना चाहिए। अधिक बेसिक होने पर और अधिक राशि का मिलेगी।



फाइल फोटो

### अप्रैल 2024 से अभियंता वर्ग को मिल रहा लाभ

विद्युत कपनियों में अप्रैल 2024 से केवल अभियंता वर्ग को ही तीन प्रतिशत तकनीकी भत्ता मिल रहा है। विद्युत कर्मियों को इसके लाभ से वंचित कर दिए जाने से कर्मचारियों में असंतोष है। विद्युत कंपनियों में सहायक अभियंता से कार्यपालक निदेशक के पदों पर कार्यरत सिर्फ डिग्रीधारक अभियंताओं को टेक्नीकल भत्ता प्रदान किए जाने पर कर्मचारियों ने ऐतराज जताया था। लेकिन इसके बाद भी यह लाभ कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है, इससे कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है।

### तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी को भी मिलना चाहिए लाभ

मैदानी क्षेत्रों में या संयंत्र में काम करने वाला तकनीकी कर्मचारी ही तकनीकी भत्ता का असली हकदार हैं। विद्युत कंपनी में भर्ती के समय सभी कार्यालयीन व तकनीकी कर्मचारी के योग्यता में शैक्षणिक योग्यता के साथण-साथ तकनीकी योग्यता मांगा जाता है और उसी योग्यता के आधार पर भर्ती होती है। इसलिए कंपनी में काम करने वाले सभी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी को इसका लाभ मिलना चाहिए।

**-नवरतन बरेठ,** महामंत्री, विद्युत कर्मचारी संघ महासंघ

# प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को समझाने पहुंचे एसईसीएल के अफसर के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल प्रबंधन की नियोजित कंपनी नीलकंठ के खिलाफ नौकरी सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाइश देने पहुंचे एसईसीएल के अफसर जब ग्रामीणों को समझाइश दे रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और एक एसईसीएल के अधिकारी की जमकर पिटाई कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने तत्काल आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। जबकि मामले में फरार चल रहे आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है।

**खास बातें**

- पुलिस ने किया दो लोगों को गिरफ्तार
- कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जटराज व्यू प्वाइंट का मामला

मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जटराज की है। बताया जाता है कि सोमवार को ग्राम जटराज सहित आसपास के कुछ गांव के लोग नीलकंठ कंपनी मे नौकरी सहित अन्य मांगों को लेकर एसईसीएल खदान स्थित व्यू प्वाइंट पर पहुंचे हुए थे और प्रदर्शन कर रहे थे। जहां देर शाम लगभग 8 बजे ग्रामीणों को समझाइश देने के लिए एसईसीएल के अधिकारी ओम प्रकाश श्रीवास अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे थे और प्रदर्शन कर रहे गांव के लोगों को समझाइए देने का प्रयास कर रहे थे कि इसी बीच कुछ ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और ग्रामीणों ने मिलकर एसईसीएल के अधिकारी ओमप्रकाश श्रीवास की पिटाई कर दी। जिसके बाद इस मामले की लिखित शिकायत एसईसीएल के अफसर ओमप्रकाश श्रीवास ने कुसमुंडा पुलिस से की है। जिस पर कुसमुंडा पुलिस ने हमलावर अशोक कुमार पटेल, गोविंद सारथी, लक्ष्मण पटेल, श्रवण पटेल सहित अन्य ग्रामीणों के खिलाफ नामजद अपराध दर्ज किया है। साथ ही मामले में पुलिस ने मारपीट करने वाले अशोक पटेल व गोविंद सारथी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

# प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क को दो महीने में करें पूर्णः लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वाणिज्य, उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने सीएसआईडीसी के अंतर्गत औद्योगिक पार्कों की स्थापना जानकारी लेते हुए रायपुर के उरला में 39 करोड़ रूपए की लागत से बन रहे प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क निर्माण की जानकारी लेते हुए इसे 30 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने प्रदेश में चार नए स्मार्ट इंडस्ट्रीयल एरिया का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इनमें जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम सीलादेही बिर्रा, गतवा राजनांदगांव जिले के ग्राम बीजेतला नवा रायपुर में प्रस्तावित फार्मास्युटिकल पार्क एवं बस्तर जिले के ग्राम नियानार शामिल है। मंत्री श्री देवांगन ने रजिस्ट्रार एवं फर्म संस्थाएं के कार्यों के समीक्षा करते हुए विभाग से जुड़ी शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी कार्यों को समयसीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने पैसों के लेनदेन की शिकायते आने पर निलंबन की कारवाई की सख्त हिदायत दी। मंत्री श्री देवांगन ने बॉयलर के नियमित व सघन निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने 92 निवेश पत्र जारी किए गए नए उद्योगों के काम शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### जल्द करें जमीन हस्तांतरण

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने जिले में प्रस्तावित एल्युमिनियम पार्क की स्थापना के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि उत्पादन कम्पनी ने अपने बोर्ड मिटिंग में बंद हो चुके पूर्व विद्युत संयंत्र के जमीन को उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने के लिए स्वीकृति मिल चुकी है, मंत्री ने जमीन हेंडओव्हर की प्रक्रिया जल्द पूरा कर एल्युमिनियम पार्क बनाने की दिशा में शीघ्र काम शुरू करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

**खास बातें**

- उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने चार नए स्मार्ट इंडस्ट्रीयल एरिया का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने दिए निर्देश
- अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर जताई नाराजगी

# उद्योग मंत्री का बैनर फाड़ने वाला युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के उद्योग, श्रम एवं आबकारी मंत्री का शहर के अलग-अलग स्थान पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बैनर पोस्टर लगाया गया था। जहां बीती रात को एक युवक डंडा लेकर निकला और बुधवारी मार्ग में लगे मंत्री के सारे बैनर पोस्टर को फाड़ता चला गया। जब भाजपा कार्यकर्ताओं को इसकी भनक लगी तब तक वह अपने कारनामे को अंजाम देकर फरार हो चुका था। भाजपा कार्यकर्ता की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है।

ज्ञात रहे कि विगत दिनों प्रदेश सरकार ने मंत्रियों के विभागों का नए सिरे से बंटवारा किया गया था जिसमें कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन का कद बढ़ाते हुए उन्हें उद्योग विभाग के साथ-साथ आबकारी मंत्री बनाया गया था। इस अवसर पर मंत्री के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न स्थानों में जगह-जगह बैनर पोस्टर लगाए थे। बताया जाता है कि सोमवार की रात लगभग 8:30 बजे एक युवक बांस का डंडा लेकर बुधवारी मार्ग पर निकल पड़ा और बुधवारी से घंटाघर मार्ग में लगे उद्योग मंत्री के बैनर पोस्टर को डंडे से फाड़ता चला गया और पोस्टर को गिराता चला गया। जब भाजपा कार्यकर्ताओं को इसकी भनक लगी तो बड़ी संख्या ⏭ शेष पेज 3 पर



बुधवारी मार्ग में पोस्टर फाड़ता युवक।

### चश्मा पहन कर निकला था बैनर को फाड़ने

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के बैनर को सीएसईबी चौकी से लेकर बुधवारी मार्ग से होते हुए घंटाघर के विभिन्न स्थानों पर लगाया गया था। रात लगभग 8:30 बजे सिरफिरा युवक चश्मा और सूट बूट पहनकर डंडा लेकर निकला था जिसने एक-एक कर बैनर पोस्टर को डंडा से मारता चला गया और बैनर को फाड़ते हुए उसे गिराता भी चला गया। बैनर पोस्टर फाड़ने की सारी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है और जिसके आधार पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर पिछले कई घंटे से जिला पुलिस की टीम सिरफिरे युवक की खोजबीन करने में जुटी हुई है लेकिन देर शाम तक उसका कुछ सुराग नहीं चल सका है।

## रजत जयंती वर्ष 2025 समारोह में समितियों से सहभागिता का किया आग्रह

# पूजा पण्डालों में लगेगा रजत जयंती वर्ष का लोगो, होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष 2025 के अनुक्रम में मनाए जा रहे रजत जयंती समारोह के तहत शहर में स्थापित विभिन्न पूजा पण्डालों में रजत जयंती वर्ष के लोगो लगाए जाएंगे एवं रजत जयंती समारोह की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी व छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, इस मौके पर सम्पूर्ण प्रदेश में रजत जयंती वर्ष 2025 मनाया जा रहा है, जिसके तहत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों स्वयंसेवी संगठनों, नागरिकों तथा अन्य संगठनों के सहयोग से शासन प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप विविध कार्यक्रम विभिन्न चरणों में पूरे वर्ष आयोजित होंगे। इसी कड़ी में पूजा समितियों द्वारा स्थापित होने वाले पण्डालों एवं उनके द्वारा किए जाने वाले आयोजनों के दौरान रजत जयंती की थीम पर विविध कार्यक्रम हों, इसके मद्देनजर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन में शहर की पूजा उत्सव समितियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने समितियों से कहा कि पूजा पण्डालों में रजत जयंती थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित रजत जयंती वर्ष का लोगो पण्डाल में लगाया जाए, निगम द्वारा लोगों का प्रारूप उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ⏭ शेष पेज 3 पर



### निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप स्थापित कराएं पूजा पण्डाल

निगम आयुक्त ने बैठक के दौरान पण्डालों, अस्थाई संरचनाओं, धरना, जुलूस, सभा, रैली आदि के आयोजन के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित मानदण्डों की जानकारी देते हुए निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप पण्डालों की स्थापना का आग्रह समितियों से किया तथा शासन के दिशा निर्देशों की प्रति उपलबध कराई। इसके साथ ही उन्होंने पंडालों की स्थापना के दौरान पार्किंग व्यवस्था का ध्यान रखने, समिति के स्वयं के वालेनटियर नियुक्त करने, परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था रखने आदि के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश समितियों को दिए।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### फर्नीचर दुकान के गोदाम में लगी आग

**बिलासपुर।** फर्नीचर दुकान के गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गया। काफी मशक्कत के बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। आगजनी से गोदाम में रखा सामान जलकर खाक हो गया है। मंगलवार को दोपहर चकरभाठा स्थित गणेश फर्नीचर के दुकान के कर्मचारी गोदाम में वेल्डिंग का काम कर रहे थे। वेल्डिंग के चिन्गारी से गोदाम में आग लग गई। देखते ही देखते गोदाम भीषण आग की चपेट में आ गया। आनन फानन में कर्मचारी गोदाम से बाहर निकलकर जान बचाई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंच गए। घण्टों मशक्कत के बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। बताया जाता है आगजनी से गोदाम में रखा लाखों के फर्नीचर के सामान जलकर खाक हो गया है।

### चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सेवा सहकारी समित में चोरी करने वाले दो



युवकों को पुलिस ने पकड़कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, प्रहलाद दास वैष्णव ने रिपोर्ट लिखाई थी कि सोंठी सेवा सहकारी समिति की खिड़की तोड़कर कम्प्यूटर, मानीटर, सीपीयू, इनवईटर, बैटी सहित 80 हजार का सामान चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोंठी निवासी चंदन उर्फ भोलू पिता बिसाहू दास मानिकपुरी 32 साल, किशन उर्फ रामू ठाकुर पिता दादूराम ठाकुर 28 साल को पकड़कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### विद्युत सखियों को प्रदान किए गए किट, करेंगी स्पॉट बिलिंग

**अंबिकापुर।** जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार को सरगुजा जिले की 11 विद्युत सखियों को किट प्रदान किया गया। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने विद्युत सखियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। बता दें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार यह कार्य राज्य विद्युत विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सक्रिय स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को सौंपा गया है। सरगुजा जिले के विभिन्न विकासखण्डों से 11 विद्युत सखियों को आधुनिक तकनीक आधारित स्पॉट बिलिंग कार्य का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रथम चरण में ये सखियां सितम्बर माह से विद्युत विभाग के 11 अलग-अलग कलस्टर में जाकर विद्युत मीटर से मीटर रीडिंग का कार्य करेंगी और एंड्रॉयड मोबाइल व ब्लूटूथ थर्मल प्रिंटर की मदद से स्पॉट बिलिंग करेंगी। प्रत्येक विद्युत सखी को विभाग द्वारा लगभग एक हजार घरों का आबंटन किया जाएगा। एक घर में मीटर रीडिंग करने से बिजली सखी को 12 रूपए बिजली विभाग के द्वारा भुगतान किया जाएगा। इससे समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध होगा और उन्हें नियमित आय होगी।

### करंट से ग्रामीण की मौत, मकान मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बिजली लाइन सुधारने के दौरान ग्रामीण की मौत होने के मामले में पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है। सीपत पुलिस के अनुसार, कैलास सूर्यवंशी अपने धर में बिजली खंभा से अवैध रूप से कनेक्शन लिया था। 25 जुलाई 2024 को उनके घर का बिजली कनेक्शन खराब होने से उच्च भठ्ठी निवासी सतीश सूर्यवंशी पिता राजकुमार सूर्यवंशी 24 साल को बुलाकर सीढ़ी में चढ़ाकर बिजली कनेक्शन सुधरवा रहे थे। करंट लगने से वह नीचे गिर गया। आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए सीपत अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने जांच के बाद मकान मालिक कैलास सूर्यवंशी के खिलाफ 135, 106 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

जेल में बिगड़ी युवक की तबियत, आईसीयू में भर्ती, खुल कर सामने आ रहा रतनपुर पुलिस का कारनामा

# डेढ़ लाख रुपए नहीं देने पर झूठे आबकारी एक्ट में ग्रामीण को जेल भेजने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डेढ़ लाख रुपए नहीं देने पर झूठे आबकारी एक्ट के मामले में ग्रामीण को जेल भेज दिया गया। जेल में तबियत खराब होने पर गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। जहां आईसीयू वार्ड में ग्रामीण का इलाज चल रहा है। परिजन ने रतनपुर थाने के तीन आरक्षकों पर जबरिया जेल भेजने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

- रतनपुर थाने के आरक्षक पकड़कर लाए थे थाना

रतनपुर नवागांव मोहंदा निवासी शिव दुलारे साहू ने एसएसपी से लिखित शिकायत कर आरोप लगाया है। इसमें कहा गया है कि उनके पिता भगवानदीन साहू शराब पीते है। 20 अगस्त को रतनपुर थाने में पदस्थ आरक्षक राम साहू एवं अन्य दो सिपाही रास्ते में रोकवाकर उससे एक लीटर शराब निकालकर थाने लेकर चले गए। थाने में डरा धमकाकर 1.50 लाख की मांग करने लगे। नहीं देने पर 1 लीटर शराब को 45 लीटर बनाकर मामला बनाकर जेल भेजने की धमकी दी गई। उसके पिता ने उक्त रकम देने से मना किया तो दूसरे दिन झूठा आबकारी का प्रकरण बनाकर जेल भेज दिया गया। जेल दाखिल होने के 1 दिन बाद ही उनके पिता भगवानदीन साहू की तबियत अत्याधिक खराब हो गई। जेल प्रशासन की ओर से उनके पिता को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू वार्ड में उनका इलाज चल रहा है। परिजन ने एसएसपी ने तीनों सिपाहियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पिता को कुछ भी होने पर रतनपुर पुलिस की जिम्मेदार होने की बात कहीं गई है।



एसएसपी से शिकायत करने पहुंचे परिजन।

### तबियत खराब की सूचना नहीं दी

पीड़ित शिवदुलारे साहू ने आरोप लगाया है कि वह अपने पिता से मिलने जेल गए तो जानकारी दी गई कि उनके पिता की तबियत खराब है और सिम्स में इलाज चल रहा है। जेल प्रबंधन ने रतनपुर पुलिस को तबियत खराब होने की जानकारी देने की बात भी कही है लेकिन रनतपुर पुलिस के द्वारा उन्हें पिता के सिम्स में भर्ती होने की सूचना नहीं दी गई थी।

### कोचिया को पकड़कर छोड़ने का खेल

पिछले कुछ दिनों से रतनपुर थाने सुर्खियों में चल रहा है। 40 हजार रुपए लेकर कोचिया को छोड़कर दूसरे को जब्त शराब बेचने के कोशिश पर एसएसपी रजनेश सिंह ने आरक्षक संजय खांडे, सुदर्शन मरकाम को सस्पेंड कर टीआई नरेश चौहान को लाइन अटैच कर दिया है। उसके बाद एक के बाद एक रतनपुर पुलिस के द्वारा की गईं करतूतें खुलकर सामने आने लगी हैं।

## 13 वर्षीय बालक की हत्या, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

मोबाइल के लिए 13 वर्षीय बालक की हत्या के मामले जांच को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीण रतनपुर पुलिस के खिलाफ शिकायत करते हुए कलेक्ट्रोरेट का घेराव करने जा रहे थे। पुलिस ने रास्ते में उन्हें रोक लिया। इस पर ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे में चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस अधिकारियों की समझाइस पर ग्रामीणों ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्षता से जांच कराने की मांग की है।

ज्ञात हो कि 31 जुलाई को रतनपुर क्षेत्र के ग्राम भरारी निवासी चिन्मय सूर्यवंशी 13 साल लापता हो गया था। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस ने गांव के छत्रपाल सूर्यवंशी 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने मोबाइल के लिए 10 साल पुराने स्कूल में चिन्मय को ले जाकर गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। उसके निशानदेहीं पर पुलिस ने शव बरामद कर छत्रपाल सूर्यवंशी को जेल भेज दिया। परिजनों का कहना है छत्रपाल सूर्यवंशी अकेले हत्या नहीं कर सकता। उसके साथ अन्य लोग भी शामिल है। पुलिस हत्या जैसे वारदात को एक युवक तक समेट कर खानापूर्ति कर रही है। मंगलवार को ग्रामीणों का



गुस्सा फूट पड़ा और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर रतनपुर पुलिस के खिलाफ कलेक्ट्रोरेट का घेराव करने के लिए निकल गए। रास्ते में एडीशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा, एसडीओपी नुपूर उपाध्याय के साथ रतनपुर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस पर नाराज ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे में चक्काजाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस अधिकारियों की समझाइस पर एक घण्टे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। ग्रामीणों ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्षता से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### माता-पिता भाई के शामिल होने का आरोप

13 वर्षीय बालक की हत्या के मामले में ग्रामीण जनदर्शन में शिकायत करने जा रहे थे। रोककर पूछताछ की गई। ग्रामीणों ने हत्याकांड में आरोपी छत्रपाल सूर्यवंशी के अलावा उसके माता पिता भाई के शामिल होने का आरोप लगा रहे है और गांव से बाहर करने की मांग कर रहे थे। जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है। आबकारी के मामले में सरपंच की लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विधिवत कार्रवाई की गई है। उसके खिलाफ पूर्व में अवैध शराब बेचने के मामले दर्ज है।

-नुपूर उपाध्याय, एसडीओपी

# एटीएम बदलकर दो लोगों से 1 लाख 38 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग अलग दो मामलों में एटीएम कार्ड बदलकर दो लोगों से 1 लाख 38 हजार रुपए की ठगी कर ली है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, राजेन्द्रनगर निवासी लीलाधर भांगे 59 साल सामाज कल्याण विभाग में नौकरी करते है। 1 सितंबर को वे हटरी चौक के एटीएम मशीन में पैसा निकालने गए थे। 1000 रुपए निकालने के बाद लौट रहे थे। इसी दौरान दो युवक आए और कहने लगे आपका ट्रांजेक्शन क्लोज नहीं हुआ है। क्लोज करने के लिए एटीएम कार्ड डालने के लिए कहा। वे कार्ड डाले तो प्रोसेस बताने लगा। युवकों ने कहा नेटवर्क समस्या है उनके एटीएम कार्ड लेकर मशीन में डालकर कहा शायब बंद हो जाएगा कहकर चले गए। उन्होने कार्ड निकालकर देखे तो महेशचंद्र गौतम का कार्ड था। उनके खाते से एटीएम के माध्यम से 1 लाख 8 हजार रुपए निकाल लिया गया है।

- कार्ड बदलकर भागे युवकों ने बाद में निकाल ली रकम

दूसरी घटना में सिविल लाइन क्षेत्र के कुदूदण्ड एसबीटी कालेज गली नम्बर 5 निवासी नीता मानिकपुरी पति ज्ञानेन्द्र मानिकपुरी 35 साल जिला न्यायालय में क्लर्क है। 1 सितंबर को शाम 7 बजे न्यायालय के सामने एटीएम मशीन में पैसा निकालने गई थी। 10 हजार रुपए निकलकर लौट रही थी। इसी दौरान दो युवक आए और प्रोसेस बंद नहीं हुआ कहते हुए चालाकी दिखाते हुए एटीएम कार्ड बदलकर भाग गए। उसके बाद उनके खाते से एटीएम के माध्यम से 30 हजार रुपए निकाल लिया गया है।

## प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन टेबलेट सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन व टेबलेट सहित एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से 125 नग इंजेक्शन, 130 नग टेबलेट जब्त किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसका एक साथी बदमाश भागने में कामयाब हो गया है।

सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली बहतराई नाग नागिन तालाब के पास दो युवक नशीले इंजेक्शन व टेबलेट बेच रहे है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर बहतराई निवासी राजेन्द्र साहू पिता बनवारी लाल साहू 22 साल को पकड़ लिया।

वहीं उसका साथ आदतन बदमाश रितेश उर्फ लूटू पाण्डेय भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने राजेन्द्र साहू के पास से 125 नग इंजेक्शन, 130 नग टेबलेट बरामद किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के इंजेक्शन व टेबलेट जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

## युवक पर चाकू से हमला, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने से युवक पर चाकू से हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रामायण चौक चिंगराजपारा निवासी बलराम सिंह पिता धनीराम आर्मो अपने दोसत के साथ शनिचरी में अंडा खा रहे थे। इसी दोरान तीन युवक आए और शराब पीने के लिए पैसा मांगे। मना करने पर युवकों के द्वारा दौड़ाकर चाकू से दोनों दोस्तों पर हमला कर दिया गया था। पुलिस ने हमलावर साहिल यादव उर्फ छोटू पिता दिनेश यादव 19 साल अशोकनगर व 2 नाबालिग को पकड़ लिया है।




# कीचड़ में तब्दील एनएच 343 की सड़क, फंसे बस के पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एनएच 343 की जर्जर सड़क लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। मंगलवार को एक बार फिर से हुई मुसलाधार बारिश के बाद सड़क दलदल में तब्दील हो गई। इस दौरान कीचड से सनी सड़क में यात्री बसों के पहिए फंस। यात्री बस के फंसने से एनएच के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और घंटों लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।

- जाम में परेशान रहे लोग

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच सड़क की हालत बेहद दयनीय हो चुकी है। एनएच की सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो गए है। कई स्थानों से तो सड़क ही गायब हो गई है और सिर्फ गड्ढे ही नजर आर रहे है। एनएच की इस जर्जर सड़क के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर सड़क और गड्ढों को भरने के लिए एनएच विभाग और ठेकेदारों द्वारा बड़े बड़े बोल्डर डालने के साथ ही मिट्टी मुरुम भर दिया गया था जिससे कुछ समय तक राहत मिली। वहीं बारिश रुकने के बाद एनएच पर लोग धूल से परेशान रहे। अब एक बार फिर से बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है और बारिश के कारण सड़क के गड्ढों में डाली गई मिट्टी कीचड में तब्दील हो चुकी है। मंगलवार को सरगुजा में मुसलाधार बारिश हुई। इस बारिश के कारण एक बार फिर से गड्ढों में पानी भर गया इसके साथ ही कीचड़ के कारण वाहनों के पहिए फंसने लगे।

## मुसलाधार बारिश से सड़क पर गिरा विशाल पेड़, घंटो बाधित रहा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

दोपहर में मूसलाधार बारिश से ग्राम सनावल एवं डिंडो मुख्य मार्ग ग्राम सुंदरपुर में सड़क के बीचो-बीच विशाल पेड़ के गिर जाने से घंटों आवागमन बाधित हो गया। इस बीच मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार दंपति पेड़ की चपेट में आने से बाल बाल बचे।

वहीं चार चक्का वाहन का आना-जाना पूर्णता बाधित हो गया था जबकि बाइक सवार वैकल्पिक मार्ग से जा रहे थे। धमनी रेंज के रेंजर अजय वर्मा को सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर वन अमले को भेजा गया जिनके द्वारा पेड़ को कटवा कर आवगमन को सामान्य किया गया।ग्राम सुंदरपुर में विशालकाय पेड़ के सड़क के बीचो-बीच गिर जाने के बाद के बाद आवागमन घंटो बाधित रहा चार चक्का वाहन एवं बड़े तो पूर्णत आना जाना बाधित हो गया था दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। कई वाहन तो कई किलोमीटर की दूरी तय करके अपने गंतव्य तक आना-जाना किया। बाइक व स्कूटी सवार सड़क के बगल से वैकल्पिक मार्ग से आना-जाना कर रहे थे। सनवाल से ग्राम डिंडो लोक निर्माण विभाग का डामरीकृत सड़क है इस सड़क से दिन भर लोगों का आना-जाना लगा रहता है दोपहर में पेड़ के गिरने के बाद आवगमन बाधित होने से कई लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वन विभाग के द्वारा पेड़ को कटवाकर किनारे कराया गया तब जाकर आवगमन सामान्य हो सका।


सड़क पर गिरा पेड़।

## दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग ने दिया शिशु को जन्म, नवजात की हुई मौत

**अम्बिकापुर।** दुष्कर्म पीड़िता ने बलरामपुर अस्पताल में शिशु को जन्म दी। इधर जच्चा-बच्चा की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां नवजात की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने पश्चात शिशु का पीएम कराया तथा डीएनए जांच के लिए सैंपल लिया। पुलिस के मुताबिक रामानुजगंज थाना अंतर्गत निवासी 13 वर्षीय नाबालिग के गर्भवती होने तथा प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। नाबालिग की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया जिससे नाबालिग ने लड़का शिशु को जन्म दी। इधर नाबालिग बालिका व शिशु की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां शिशु की उपचार के दौरान मौत हो गई।



बलरामपुर में वाहनों पर कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

बाल-बालबचे छात्र, गांव में मचा हड़कम्प

# रसोइया बना रही थी दाल, तेज धमाके के साथ फट गया कूकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मंगलवार को ग्राम कसकेला पूर्व माध्यमिक शाला में उस वक्त हड़कंप मच गया जब मध्यान्ह भोजन पकाने के दौरान कुकर फट गया। तेज धमाके के साथ कुकर किचन के छप्पर को फाड़कर बाहर निकल गया। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि घटना के दौरान मौके पर कोई नहीं था।

इस घटना में बच्चे और रसोईया बाल बाल बच गए है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम कसकेला तीतरखांड स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मंगलवार को रसोईया किचन में मध्यान्ह भोजन बनाने का काम कर रही थी। इस रसोईया द्वारा मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था और दाल गलाने के लिए रसोईया ने कुकर में डालकर मिट्टी के चूल्हे पर चढ़ाया था। इसी बीच अचानक ही तेज धमाके के साथ कुकर फट गया। कुकर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि छात्र दहशत में आ गए। कुकर फटने के बाद किचन के छप्पर को फाड़ते हुए बाहर निकल गया इसके साथ ही कुछ हिस्सा किचन में ही बिखर गया। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि घटना के दौरान ज्यादातर बच्चे अपनी कक्षाओं में थे। यदि बच्चे किचन में या आस पास होते तो एक बड़ी घटना हो सकती थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कराए जाने की मांग संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से की है ताकि किचन में भोजन बनाने का काम आसानी से हो सके।



कूकर फटने से क्षतिग्रस्त छप्पर व मिट्टी का चूल्हा।

## यातायात नियम तोड़ने वाले 1001 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। आईजी के निर्देश पर संभाग भर में चलाए गए अभियान के तहत 1001 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए है। इसके साथ ही प्रदेश व संभाग के बाहर के वाहनों के लाइसेंस को निलंबित करने सम्बंधित अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। बता दें कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ ही लोगों को यातायात नियम का पालन कराने को लेकर आईजी दीपक झा के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया है। सरगुजा संभाग में मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के लिए लाइसेंस निलंबन हेतु 1 जून से अभियान नियम तोड़ो लाइसेंस छोड़ो कीई शुरुआत की गई। आईजी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत मोटरयान अधिनियम की धारा-113 ओवर लोडिंग की धारा- 128, तीन सवारी धारा-129, बिना हेलमेट धारा- 183, ओवर स्पीड धारा-184, खतरनाक तरीके से वाहन चालन धारा- 185, शराब पीकर वाहन चालन एवं धारा- 119/177 रेड सिग्नल तोड़ने वाले कुल 1878 वाहन चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन कार्रवाई करने हेतु परिवहन विभाग को पत्र प्रेषित किया गया, जिसमें अब तक कुल 1001 वाहन चालकों के लाइसेंसों का निलंबन किया गया है।

- आईजी के निर्देश पर सरगुजा रेंज में हुई कार्रवाई

## खबर संक्षेप



### शांतिनगर में धूमधाम से किया गया बाल गणेश का विसर्जन

**हरदीबाजार।** शांतिनगर हरदीबाजार में बाल गणेश का 7 दिनों तक स्थापना कर सुबह-शाम पूजा-अर्चना, सेवा किया गया। श्री बाल गणेश को महिलाओं व बच्चों ने बड़े ही धूमधाम गाजे-बाजे के साथ बच्चों ने बैंड बाजा बजाते हुए विसर्जन किया गया। विसर्जन पश्चात सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें राजाराम राठौर, रशिम राठौर, प्रभा कंवर, रिंकी कश्यप, शांति साहू, शिवकुमारी सिधार, बहुरानी निर्मलकर, ईशान शिवम राठौर, यशु, बेबी, कान्हा, दद्दू, अंशु, प्रियांशु, प्रिंस, लक्की सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### छिंदपुर में धूमधाम से किया गया गणेश विसर्जन



**हरदीबाजार।** आदर्श ग्राम पंचायत छिंदपुर में श्री सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति बाजार मोहल्ला के द्वारा गाने बाजे के साथ धूमधाम से गणेश विसर्जन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला कार्यसमिति सदस्य विधायक प्रतिनिधि कृष्णानंद राठौर, रामचंद्र राठौर, प्रणव महराज, हीराराम राठौर, कुमार केवट, रोहित साहू, तुलसी साहू, लकेश्वर साहू, अनुसूया साहू, आर्यन राठौर, गायत्री बाई राठौर, उर्वशी राठौर, संतोषी साहू, पूर्णिमा साहू, लोकेश राठौर, सहोद्रा केवट, सुनील कुमार, प्रमोद राठौर, गजेंद्र साहू, नीतीश साहू, निलेश साहू, अनीता राठौर एवं पूरे ग्रामवासी उपस्थित थे।

### विधायक अतिरिक्त बस संचालन हेतु कलेक्टर को लिखा पत्र



**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार का स्थान परिवर्तन होने से बस स्टैंड से उसकी दूरी बढ़ गई है, जिससे कालेज आने-जाने वाले छात्रों को हरदीबाजार बस स्टैंड में उतर कर लगभग 2 किमी पैदल चलकर या बाईक से पहुंचना मजबूरी हो गई है। जिससे एक तरफ़ आने-जाने में जो बेवजह उनका समय बर्बाद हो रहा है तो दूसरी तरफ़ बस स्टैंड से तहसीलदार पीछे मिनी स्टेडियम तक प्रधानमंत्री सड़क होने के साथ-साथ यह मार्ग जर्जर और काफी व्यस्त हैं, जिसमें पैदल चलना या बाईक से पहुंचना सड़क दुर्घटना की काफी अधिक संभावना बनी रहती है, वहीं सोमवार को एक कालेज की छात्रा ज्योति भारद्वाज की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जो दुखद रहा। बस स्टैंड हरदीबाजार से मीनी स्टेडियम महाविद्यालय तक छात्रों के आवागमन की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कलेक्टर अजित वसंत को पत्र लिखकर बस स्टैंड से नये स्थान मिनी स्टेडियम महाविद्यालय तक बस संचालन कराए जाने की मांग की है।

### उत्तम बाल कल्याण समिति के बने अध्यक्ष

**कोरबा।** राज्य सरकार ने बाल कल्याण समितियों के पुनर्गठन की सूची जारी कर दी है। इस सूची में जिले से उत्तम पाठक को बाल कल्याण समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार से जारी सूची के अनुसार समिति के अन्य सदस्यों के नाम भी सरकार की ओर से तय किए गए हैं। नियुक्ति के बाद अब समिति बच्चों से जुड़े मामलों पर निर्णय लेने और उनके अधिकारों की रक्षा करने में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

## निधन

### मुकेश कुमार चौहान



**कोरबा।** एसईसीएल जेपी कालोनी कोरबा निवासी एवं धनराज कुवंर अस्पताल के लैब टेक्निशियन मुकेश चौहान (37वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार एसईसीएल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, रिश्तेदारों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### श्रीमती गीता देवी अग्रवाल



**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 12 अग्रोहा मार्ग के पास निवासरत स्व. मदनलाल अग्रवाल की धर्मपत्नी गीता देवी अग्रवाल का मंगलवार निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहीं थी। उनका अंतिम संस्कार आज सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### डीएमएफ से नियुक्त कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर करें दंडात्मक कार्यवाई

# युक्तियुक्तकरण के बाद ज्वाइन नहीं करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने टीएल के विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने ई-ऑफिस कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को ई- ऑफिस के माध्यम से ही फाइल आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी विभाग आज से मैनुअल रुप में फाइल आगे नहीं बढ़ाएंगे। उन्होंने जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओ सहित एसडीएम , तहसील कार्यालयों एवं अन्य सभी विभागों को अपने कार्यालय में ई ऑफिस में कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके लिए आवश्यकता अनुसार अधिकारी कर्मचारियों को एनआईसी के माध्यम से आवश्यक जानकारी व प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल संप्रेक्षण गृह से अपचारी बालकों के फरार होने वाले घटना का मजिस्ट्रेट जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही इस प्रकार की घटना की पुनरावृति पर रोक लगाने सम्बंधित अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इस इसके लिए गठित निरीक्षण टीम के माध्यम से संप्रेक्षण गृह का सूक्ष्मता से अवलोकन कर खामियों को दूर करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने जिले में वयवन्दन कार्ड और आयुष्मान कार्ड निर्माण की अनुविभागवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आयुष्मान व वयवन्दन कार्ड से वंचित हितग्राहियों के यहां डोर टू डोर जाकर उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही आधार अपडेशन के लंबित कार्य को भी शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु विशेष प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसडीएम को नियमित रूप से इस कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में युक्तियुक्त करण की प्रक्रिया के पश्चात निर्धारित स्थान पर जॉइनिंग नहीं करने वाले शिक्षकों पर दंडात्मक कार्यवाही के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। इस दौरान ऐसे शिक्षकों की वेतन आहरण पर रोक लगाने की बात कही। उन्होंने शिक्षकों की आवश्यकता वाले स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की कार्यवाही पर पूर्ण पारदर्शिता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने एसडीएम को अपने अनुविभाग स्तर पर सभी विद्यालयों में सुबह नास्ता वितरण व स्कूल, आंगनबाड़ी आश्रम-छात्रावासों में गैस सिलेंडर की उपलब्धता का भी आकस्मिक अवलोकन करने के लिए कहा। जिससे संस्थानों में इन कार्यों का उपयोगिता सुनिश्चित हो पाए। साथ ही निर्धारित समयावधि में विद्यार्थियों को नास्ता प्रदान नही करने वाले विद्यालयों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



पथर्रीपारा इंदिरा चौक वार्ड नंबर-19।



कारखाना का सेठ गणेशोत्सव समिति कारखाना एरिया कटघोरा।

## बारिश का पानी दुकानों में घुसा व्यापारी हो रहे परेशान



दुकानों में घूसा बारिश का पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गायत्री मंदिर बालको मुख्य मार्ग में मौजूद दुकानों में बरसात का पानी के साथ नालियों का पानी भी दुकानों में घुस गया, जिससे वे काफी परेशान है। व्यापारियों ने कहा कि अगल-बगल में सभी दुकानदार गायत्री मंदिर के पास लंबे समय से दुकान चला रहे हैं। परंतु लंबे समय से समस्या जस की तस बनी हुई है, रोड में बड़े बड़े गड्ढे निर्मित हो गए है। जिसके कारण आए दिन एक्सीडेंट होती रहती है। दूसरी ओर समस्या नाली की भी है, बारिश के समय समस्या और भी गंभीर हो जाता है, जब नालियों में जल भराव होने लगता है। बारिश का पानी सीधे दुकान के अंदर घुस जाता है, जिससे दुकान में रखे सभी समान खराब हो जाते है। जलजमाव से व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। प्रशासन को शिकायत करने के बाद भी अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई और समस्या जस की तस बनी हुई है। नालियों की साफ-सफाई भी नहीं जा रही है। व्यापारियों ने नगर निगम एवं प्रशासन बालकों से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस समस्या से निजात दिलाएं ।

## खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी करने वाली पीडीएस दुकानों से होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने जिले में खाद्यान्न वितरण व भंडारण की सुचारू व्यवस्था हेतु खाद्य व नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में समय पर खाद्यान्न का आबंटन एवं दूरस्थ, पहुँचविहीन क्षेत्रो में खाद्यान्न के भंडारण में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस हेतु खाद्य व नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने एसडीएम को अपने क्षेत्रों में पीडीएस के भंडारण व वितरण पर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अजीत वसंत ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों में पात्रतानुसार पीडीएस का आबंटन की बात कही। साथ ही माह के अंतिम दिवस तक खाद्यानों का भंडारण पूर्ण कराने के लिए कहा जिससे आगामी माह के 01 तारिख से खाद्यान्न वितरण प्रारम्भ हो सके। उन्होंने खाद्यान्न उठाव के 72 घण्टे के भीतर ट्रांसपोर्टर द्वारा पीडीएस का उचित मूल्य दुकानों में भंडारण सुनिश्चित कराने की बात कही। इस कार्य का एसडीएम को मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। उन्होंने राशनकार्ड धारी परिवारों के सदस्यों का ईकेवाईसी भी शीघ्रता से पूर्ण कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही संदिग्ध राशनकार्डधारियों का जांचकर गम्भीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के उचित मूल्य दुकान से अधिक दूरी एवं पहुँचविहीन बसाहटों, पारा, मोहल्लों में खाद्यान्न पहुँचाकर हितग्राहियों को वितरित करने की बात कही। साथ ही खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने वाले पीडीएस संचालकों पर नियमित तौर पर वसूली सहित अन्य कार्यवाही करने निर्देशित किया। उन्होंने धान खरीफ के समय बारदानों की उपलब्धता हेतु पीडीएस बारदानों का संग्रहण कार्य भी सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

### राजस्व अधिकारियों की हुई समीक्षा बैठक

कलेक्टर ने तहसीलवार अविवादित/विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटांकन, अभिलेख शुद्धता, ई-कोर्ट प्रकरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। अविवादित नामांतरण के आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने लंबित प्रकरणों के निराकरण में सभी तहसीलदारों को विशेष प्रयास करने एवं गम्भीरता से प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने तीन वर्ष या उससे अधिक समय से लंबित भू अर्जन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने की बात कही। साथ ही नक्शा बटांकन कार्य में भी तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## कटघोरा में गणेशोत्सव की धूम मटकी धाम बना आकर्षण का केंद्र



मटकी धाम गणेश पंडाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर में गणेशोत्सव की रौनक छायी हुई है। नगर में जहां एक ओर कटघोरा के राजा की भव्य प्रतिमा व पद्मानाभस्वामी का आकर्षक पंडाल श्रद्धालुओं का मन मोह रही है, वहीं दूसरी ओर कटघोरा का महाराजा भी अम्बिकापुर मार्ग पर स्थापित कर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है इन सबके बीच सबसे अधिक चर्चा का विषय है। मटकी धाम यहां स्थापित भगवान गणेश का बाल स्वरूप की विशाल प्रतिमा, रिद्धि-सिद्धि की मूर्तियों के साथ, श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। 11 सौ मटकों से सुसज्जित विशाल पंडाल को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है यही कारण है कि समिति ने इस भव्य पंडाल का नाम मटकी धाम रखा है। समिति द्वारा प्रतिदिन संगीतमय आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगरवासियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आरती के बाद प्रतिदिन प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया जाता है। इससे श्रद्धालुओं के बीच उत्सव का आनंद और भी बढ़ जाता है। मटकी धाम का आकर्षण सिर्फ दिन में ही नहीं बल्कि रात में और भी बढ़ जाता है रोशनी से सजे इस पंडाल की भव्यता देखते ही बनती है। रंग-बिरंगी लाइटिंग और सजावट इसे नगर का प्रमुख आकर्षण बना रही है कटघोरा का यह अनोखा मटकी धाम न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि सामाजिक मेलजोल और उत्सवधर्मिता की झलक भी बखूबी पेश कर रहा है समिति के द्वारा नित्य दिन आने जाने वालों के लिए अलग अलग प्रकार के प्रसाद स्वरूप भंडारे की व्यवस्था की गई है।

## वन कर्मचारियों की समस्या का नहीं हुआ समाधान तो उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- छग वन कर्मचारी संघ ने 7 दिन का दिया अल्टीमेटम

छग वन कर्मचारी संघ विभिन्न समस्याओं को लेकर सीसीएफ को पत्र लिखा गया है यदि 7 दिन के भीतर मामले का निराकरण नही होता है तो आंदोलन की चेतावनी दी है। छग वन कर्मचारी संघ के बिलासपुर संभाग के अध्यक्ष प्रीतम पुराइन ने मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है और वन कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित निदान करने के की मांग की है। जिसमें से सबसे अहम बिंदू मुख्य वनसंरक्षक बिलासपुर को लेकर ही है। जिसमें बिलासपुर वन संरक्षक की कार्यशैली को लेकर ही पत्र लिखा गया है जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर द्वारा वन कर्मचारियों के साथ भयादोहन की नीति अपनाते हुए अनावश्यक वनकर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है जिसका बिलासपुर संभाग के समस्त जिले के कर्मचारियों ने रोष व्यक्त किया है तथा पड़ोसी जिले गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के कर्मचारियों के द्वारा सीसीएफ के नियंत्रण में विभागीय कार्य कर पाने की असमर्थता जाहिर किया गया है। साथ ही संघ ने और भी विभिन्न मांगों को लेकर पत्र लिखा है। संघ ने सभी समस्याओ का त्वरित निदान करने के लिए 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है अन्यथा छ.ग. वन कर्मचारी संघ संभाग बिलासपुर द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

## ब्राह्मण मोहल्ला में संगीतमय जागरण कीर्तन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरेली

ब्राह्मण मोहल्ला उमरेली पर विराजे विघ्नहर्ता गणेश के पंडाल पर संगीतमय जागरण कीर्तन बीती रात संपन्न हुआ। जिसमें संगीत की टोली पास के ही क्षेत्र सराईपाली से पधारें हुए थे जिसमें ग्राम मोहल्ले के भक्ति संख्या में जागरण कीर्तन पर झूमते गाते नजर आए। समिति के सदस्यों ने बताया कि इसी प्रकार हर वर्ष कीर्तन भजन जागरण कर मोहल्ले वासियों द्वारा गणेश के इस पावन अवसर पर उन्हें अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों के साथ भक्ति में रूप से भव्य पूजन अर्चना करते हुए समय-समय पर संगीतमय माहौल के बीच भक्ति करते हुए गणेश जी की अर्चना की जाती है। गांव के रामायण मंडलियों को न्योता देख सहित आसपास के विशेष संगीतकारों को विशेष रूप से बुलाकर मोहल्लेवासियों के सहयोग से जागरण कीर्तन की व्यवस्था की जाती है जिसमें सभी ब्राह्मण मोहल्ला सहित क्षेत्र वासियों द्वारा भक्ति संगीत में शराबोर और होते हुए एक दांत विघ्नहर्ता गौरी नंदन गणेश जी महाराज की भक्ति की जाती है जिसमें मोहल्ले के छोटे-बड़े लोगों का सहयोग भी लिया जाता है।

## बालको सेक्टर 3 में गणेश उत्सव का आयोजन



**बालको।** सेक्टर 3 बालको में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा बड़े ही धूमधाम से गणेश उत्सव आयोजन किया गया है। पंडित शर्मा महाराज, शैलेश, संतोष प्रजापति, प्रमोद नायक, कमलेश, द्वारिका नाथ, तामेश्वर, रूपेश, अनिल ,प्रमोद, खोमल लाल, दुर्गेश साहू, सूरज, दुर्गेश, मनीष योगेंद्र, अनु लाल, अनिरुद्ध, दिनेश, संतोष, मनोहर का सहयोग रहा है।

## बिजनेस साइट

### राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो को ग्राहकों का मिल रहा अच्छा प्रतिसाद



**कोरबा।** राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो की प्रदर्शनी में ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। प्रदर्शनी में सभी स्टॉल्स में हस्तशिल्प एवं हथकरघा से बने सभी सामानों को बारीकी से जाने वहां से खरीदारी कर सकते हैं। संचालक अनिल यादव ने चर्चा के दौरान बताया यहां ग्राहकों का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है,इस प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों के अथेंटिक व ट्रेडिशनल सिल्क, कॉटन हेण्डलूम की विशाल रेंज ग्राहकों के लिए रखी गई है। संचालक ने बताया कि जहां कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी तथा भागलपुर की सिल्क साड़ियां महिलाओं को लुभा रही है, वहीं युवतियों के लिए उत्तरप्रदेश की लखनवी चिकन तथा कॉटन सलवार की विशाल रेंज युवतियों को खूब लुभा रही है। इतना ही नहीं कोरबा में आयोजित इस एक्जीबिशन में ग्राहकों को उचित मूल्य पर अच्छे कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें कोलकाता की कोथा की सिल्क साड़ी, राजस्थानी मोजड़ी एवं कुर्ती, कश्मीरी पश्मीना शॉल व सिल्क साड़ी, कर्नाटक की पोचमपल्ली साड़ी, डिजाइनर लेदर जैकेट, महाराष्ट्र की फैंसी चप्पलें, उत्तर प्रदेश की लखनवी चिकन व ड्रेस मटेरियल एवं लखनवी साड़यिां, बनारसी सिल्क साड़ी, मुरादाबाद गिफ्ट आइटम, मेरठ खादी शर्ट, लेडिस कुर्ती, भदोही के सिल्क कारपेट, सहारनपुर के फर्निचर, गुजराती सिल्क साड़ी, मनमोहक पापड़ व स्वादिष्ट आचार, नागालैंड के ड्राई फ्लावर, भागलपुर की सिल्क साड़ियां, कलकत्ता के जूट बैग, जूट चप्पल एवं आकर्षक खुर्जा के क्रोक्रि सामानों की विशाल रेंज उपलब्ध है। गणेश पर्व के शुभ अवसर पर सामानों की खरीदी कर विशेष आकर्षक की कई वस्तुएं घरों के उपयोग में आने वाली कई समान ग्राहकों हेतु रखे गये है। सुबह 10 से रात 11बजे तक इस प्रदर्शनी का लाभ ले सकते हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हाई स्कूल के...

टेक्टनोलॉजी) योजना अंतर्गत स्कूलों में कम्प्यूटर दिए जाने के साथ जिओ फाईबर कनेक्शन दिए गए हैं। कोरबा विकासखंड अंतर्गत सोनुपरी हायर सेकेंडरी स्कूल एवं अजगरबहार हाईस्कूल में जिओ फाईबर के कनेक्शन के लिए काम शुरू होना है। जिसके लिए समग्र शिक्षा अंतर्गत 17 हजार 500 रूपये की राशि भी जारी की गई है। ताकि स्कूलों में दिए गए कम्प्यूटर से छात्रों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ा जा सके। कुछ स्कूलों के प्रचार्यों ने अभी तक आईसीटी योजना से स्कूलों को जोड़ने में रूचि नहीं दिखाई है। जिला शिक्षा विभाग के द्वारा इसके लिए सभी हाईस्कूल के प्राचार्यों को आदेश भी जारी किए गए हैं। करतला, पाली, पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक के बड़े हाईस्कूल जहां आईसीटी योजना अंतर्गत कम्प्यूटर शिक्षा शुरू किया जाना था, वहां जिओ फाईबर कनेक्शन दिए गए हैं, किंतु कम्प्यूटर शिक्षक नहीं होने की वजह से आईसीटी योजना का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। फिलहाल 11 स्कूलों में आईसीटी योजना से कम्प्यूटर शिक्षा चल रही है।

### उद्योग मंत्री का...

में भाजपा कार्यकर्ता सीएसईबी चौकी जा पहुंचे और इस मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। बुधवारी बाजार में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता श्याम नारायण साहू ने इस मामले की लिखित शिकायत सीएसईबी चौकी में दर्ज कराई है। जिसके आधार पर सीएसईबी चौकी पुलिस ने बैनर पोस्टर फाड़ने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 324 (2), 296, 351 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पूजा पंडालों में...

की स्थापना के 25 वर्षों की विकास यात्रा को दर्शाते हुए नुक्कड़ नाटक व प्रदर्शनी आदि के आयोजन किए जाएं, साथ ही पण्डालों में रजत जयंती थीम पर छत्तीसगढ़ की स्थानीय कला एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। निगम आयुक्त ने पूजा उत्सव समितियों की बैठक लेकर शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत रजत जयंती वर्ष समारोह में उनकी सहभागिता तथा उक्तानुसार आयोजन किए जाने का आग्रह किया।

### शपथ पत्र

मैं खैबर सिंह राठौर (Khaibar Singh Rathore) पिता (Kriparam) जाति राठौर निवासी मकान नं. 391 बस स्टेंड पारा ग्राम हरदी बाजार तह. व थाना हरदी बाजार जिला कोरबा छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड कमांक 3409 9930 1508 में मेरा नाम खैबर सिंह (Khaibar Singh) पिता कृपा राम (Kriparam) दर्ज है।
3. यह कि मेरे कंडिका 2 में वर्णित आधार कार्ड में मेरा सरनेम राठौर (Rathore) शब्द नहीं जुड़ा हुआ है।
4. यह कि मेरा पुराना नाम खैबर सिंह पिता कृपाराम के स्थान पर नया नाम खैबर सिंह राठौर पिता कृपाराम मेरे आधार कार्ड कमांक 3409 9930 1508 में सुधार कार्य करवा चुका हूं। इसलिये मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम खैबर सिंह राठौर पिता कृपाराम (Khaibar Singh Rathore S/o Kriparam) लिखा व पढ़ा जावे तथा जाना व पहचाना जावे।
5. यह कि इस शपथ पत्र के माध्यम से नाम परिवर्तन की सूचना से संबंधित दे रहा हूं जो कि सत्य एवं सही है।

**खैबर सिंह राठौर**
**शपथकर्ता**

